खान का नाम	मिलियन टन में कोयला उत्पादन लक्ष्य
साउथ झिमर . .	0.180
मलगा . .	0.265
बिजुरी . .	0.400
बेहराबांध . .	0.220
सोमना इंक्लाइन . .	0.030
कुरजा . .	0.050
डोला ओ.सी. .	1.000
राजनगर ओ.सी. .	0.300
कुरसिया (भू. व ओ.सी.)	0.940
सोनावानी . .	0.120
चिरीमीरी भू. . .	0.460
एन.सी.पी.एच. .	0.510
नाथ चिरीमीरी . .	0.360
डुमन हिल . .	0.570
कोरिया (भू. व ओ.सी.)	0.245
वेस्ट चिर. (भू. व ओ.सी.)	0.400
चिरीमीरी ओ.सी. .	0.400
चुरचा विस्तार . .	0.720
चुरचा वेस्ट . .	0.300
कटकोना . .	0.240
पंडवपारा . .	0.040
जयनगर (पुराना)	0.350
जयनगर (नया) .	0.180
कुमदा (पुराना) .	0.210
कुमदा (नया व बलरामपुर)	0.410
भटगांव . .	0.550
बिसरामपुर ओ.सी.	1.050
दुग्गा ओ.सी. . .	0.200
राजगमार 4 व 5 .	0.320
राजगमार 6 व 7 .	—
बालगी . .	0.420
बंकी . . .	0.400
सुरकाचार (मेन) .	0.430

कोयले के मूल्यों में आवधिक वृद्धि

3845. **श्री रणजीत सिंह :**
सरदार अगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोयले का राष्ट्रीयकरण होने से लेकर जनवरी, 1992 तक उसके मूल्य में कितनी बार वृद्धि हुई तथा उसके राष्ट्रीयकरण होने के समय के मूल्य की तुलना में वर्ष 1992 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई;

(ख) क्या यह भी सच है कि राष्ट्रीयकरण के बाद को उसकी उत्पादन लागत में भारी वृद्धि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो वर्ष 1991–92 में प्रति टन अनुमानित उत्पादन लागत कितनी है तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी लागत की तुलना में यह कितनी है ?

कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस0 बी0 नवलेगीड़ा :(क) वर्ष 1973 के बाद से कोयले के मूल्यों में 10 बार संशोधन किया गया है। कोल इंडिया लि0 द्वारा उत्पादित कोयले के मामले में, राष्ट्रीयकरण के समय औसत मूल्य की तुलना में वर्ष 1992 में कोयले के औसत मूल्य में लगभग 758% की वृद्धि हुई है।

(ख) यह सच है कि कोयले के उत्पादन की लागत में वृद्धि हुई है। किन्तु कोयला कम्पनियां ऐसी वृद्धि को रोकने के प्रयास कर रही हैं।

(ग) बजट अनुमानों के अनुसार वर्ष 1991–92 के दौरान कोल इंडिया लि० द्वारा उत्पादित कोयले के उत्पादन की औसत लागत 294.17 रु0 प्रति टन होने का अनुमान है।

विवरण

देश	उत्पादन की लागत	
	अमरीकी डालर प्रति टन	रु०/टन
य० के०	68.80	873.10
बैलजियम	71.00	901.02
एफ० आर० जर्मनी	114.20	1449.24
पोलैंड	29.00	368.02
भारत (को०इं० लि०) . . .	—	221.54

नयी कोयला परियोजनाओं द्वारा कोयले का उत्पादन

3846. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान नई परियोजनाओं को आरम्भ करके कोयले के उत्पादन में परियोजना-वार कितनी वृद्धि की गई है ;

(ख) तीन वर्षों से भी पहले से मौजूद परियोजनाओं के वार्षिक उत्पादन में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है; और

(ग) वर्ष 1991-92 के दौरान इन सभी परियोजनाओं द्वारा कुल कितनी मात्रा में कोयले का उत्पादन किए जाने की संभावना है तथा यह देश की वार्षिक आवश्यकता का कितना प्रतिशत है ?

कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस० बी० नवलेगौड़ा) :(क) वर्ष 1988–89, 1989–90 और 1990–91 के दौरान अखिल भारतीय कोयले का उत्पादन क्रमश: 194.60 मि० टन, 200.89 मि० टन और 211.73 मि० टन हुआ। इस अवधि के दौरान 2.0 करोड़ रु० और इससे अधिक की लागत वाली 101 कोयला खनन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई और वर्ष 1990-91 के दौरान इन परियोजनाओं ने लगभग 7.8 मि० टन कोयले का उत्पादन किया ।

(ख) वर्ष 1988-89 से 1990-91 की अवधि के दौरान पूरी की गई और चालू कोयला परियोजनाओं से हुए उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए गए हैं :—

1988-89 .	130.19	मिलियन टन
1989-90 .	145.15	मिलियन टन
1990-91 .	156.69	मिलियन टन

(ग) चालू वर्ष 1991-92 के दौरान पूरी की गई और चालू परियोजनाओं से लगभग 174 मि० टन उत्पादन होने की संभावना है अर्थात् चालू वर्ष के 220 मि० टन उत्पादन लक्ष्य का यह 76% होगा ।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को घाटा

3847. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गत कुछ